p>

Title: Regarding request to open an Ethanol factory in place of closed of sugar mill and Distillary factories in Gopalganj, Bihar.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के हथुआ अनुमंडल स्थित मीरगंज में राज्य सरकार द्वारा स्थापित चीनी मिल और डिस्टलरी फैक्ट्री पिछले 15 सालों से बंद पड़ी है, जिसके चलते उस क्षेत्र के किसानों को काफी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । यहां की मुख्य खेती गन्ना है, जो नकदी फसल होने के कारण आय का मुख्य जरिया है । इस फैक्ट्री के बंद होने से मजदूर और किसान पलायन कर रहे हैं ।

बिहार में पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण हेतु एथनॉल की भारी कमी है । अत: इस वीरान पड़ी भूमि का उपयोग यदि एथनॉल फैक्ट्री के निर्माण के लिए किया जाए तो लाखों लोगों को फायदा होगा और उस क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे । अत: मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि गोपालगंज के मीरगंज में बंद पड़े शुगर मिल और डिस्टलरी फैक्ट्री की जमीन पर एथनॉल का कारखाना शुरू करने की कृपा की जाए । धन्यवाद ।